सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–165
17/02/2026

मुख्यमंत्री से स्पेश एप्लीकेशन सेंटर, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के निदेशक ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 17 फरवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से आज बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह के कक्ष में स्पेश एप्लीकेशन सेंटर, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के निदेशक श्री निलेश एम0 देसाई ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री निलेश एम0 देसाई को पुष्प–गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। श्री निलेश एम0 देसाई ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, स्पेश एप्लीकेशन सेंटर, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिक श्री दीपक सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

******